हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026

04 मजना पुलिस की घेराबंदी में बाइक, शराब व आरोपी...



07 हमले के विरोध में कराया बाजार बंद,घेरी कोतवाली...





## खबर संक्षेप

### नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन आज

**सागर।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे से पुराने निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

### सागर रेल्वे स्टेशन पर प्याऊ का शुभारंभ आज

**सागर।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा विगत 27 वर्षों से निरंतर सागर रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर गर्मी के दिनों में ट्रेन के यात्रियों को 24 घंटे निःशुल्क जल सेवा का सेवाकार्य किया जा रहा है। इस वर्ष भी आज दिनांक 31 मार्च दिन मंगलवार को दोपहर 11.30 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर इसका शुभारंभ होने जा रहा है। समिति के अध्यक्ष डा. विनोद तिवारी ने शहर के सभी गणमान्य नागरिकों से इस पुण्य अवसर पर पधारने का अनुरोध किया है।

### पाठशालाओं के शिक्षक शिक्षकाओं का अधिवेशन आयोजित

**सागर।** गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत जैन पाठशालाओ की शिक्षक शिक्षिकाओ का अधिवेशन मुनि श्री महासागर महाराज के सानिध्य मे संपन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि ब्रम्हचारी भरत भैया और आचार्य आशीष सांगानेर रहे। मुनि श्री ने आशीर्वचन मे कहा कि मौलिक शिक्षा की होड मे बच्चे धर्म और नैतिकता से दूर होते जा रहे है। धार्मिक पाठशालाये उनमें संस्कारो का रोपण कर नैतिकता की ओर ले जा रही है। अधिवेशन मे वर्तमान मे संस्कार पाठशालाओ की आवश्यकता पर जोर दिया गया । इस अवसर पर संतोष जैन घड़ी, दिलीप रांधेलीय, अशोक वीर, डॉक्टर अरूण सिंघई, अशोक फुसकेले, अशोक पिडरूआ, संतोष रांधेलीय, राकेश जैन चच्चा ,सुनील जैन, डॉक्टर आशीष शास्त्री, सुरेन्द्र खुर्देलीय, सहित 26 पाठशालाओ की शिक्षिकाओ ने सहभागिता की।



### एकता समिति ने वृद्धआश्रम में महावीर जयंती मनाई

**सागर।** भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती के पर्व पर एकता समिति ने वृद्ध आश्रम में सभी वृद्ध के चरण स्पर्श कर स्वल्पाहार कराया। सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी के चित्र एवं सभी धर्म के चित्र के समक्ष वृद्ध आश्रम के उपस्थित वृद्धो के द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। संस्थापक अब्दुल रशीद भाई ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म हमें हम सभी को अपनाकर अपना जीवन को सार्थक करना चाहिए । आज के माहौल में पूरे विश्व में भगवान महावीर के उपदेश सबसे ज्यादा सार्थक हैं मानवता का कल्याण इन्हीं में है । अध्यक्ष सुधीर जैन एवं संजय शास्त्री ने कहा समिति सभी धर्मो का सम्मान करती हैं वृद्ध हमारे पूज्यनीय होते हैं और आज महावीर जयंती के पर्व पर यहां पर आकर उनके साथ मिलकर बैठकर बडा ही सुकून प्राप्त होता है। कमल चंद जैन , राजेंद्र सोनी मामा ने भगवान महावीर स्वामी का भजन पेश किया। इस अवसर पर रशीद भाई, सुधीर जैन, कमलचंद जैन, संजय शास्त्री, चंपक भाई, अजीत जैन, राजेंद्रसोनी मामा , देवेंद्र सेन एवं वृद्ध आश्रम में उपस्थित वृद्ध जन उपस्थित थे।

## करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा सर्वसुविधायुक्त किसान संगोष्ठी भवन

# किसानों को प्रशिक्षण, संगोष्ठी और आपसी संवाद का मिलेगा मंचः गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जैसीनगर में किसानों के लिए बनाए जाने वाले किसान संगोष्ठी भवन का भूमि पूजन किया। लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण, बैठक और नई कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा।



इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन से करते हुए कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी उन्नति के बिना प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि बनने वाला यह किसान संगोष्ठी भवन किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा, जहां किसान आधुनिक खेती की तकनीकों, नई योजनाओं और कृषि से जुड़ी जानकारियों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। मंत्री राजपूत ने कहा कि इस भवन में किसानों के बैठने के लिए सभागार, बैठक कक्ष तथा रहने की व्यवस्था भी रहेगी, जिससे दूर-दराज से आने वाले किसान यहां ठहर सकेंगे और कृषि विशेषज्ञों के साथ संवाद कर सकेंगे। यहां नियमित रूप से किसान संगोष्ठी, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषि कार्यशालाएं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इससे किसानों को नई तकनीकों को अपनाने, उत्पादन बढ़ाने और आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित में निरंतर काम कर रही है। केंद्र और प्रदेश की सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, सिंचाई योजनाएं तथा आधुनिक कृषि उपकरणों पर अनुदान जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार भी किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। किसानों को बेहतर मंडी व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और कृषि के आधुनिकीकरण के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। इसी कड़ी में किसान संगोष्ठी भवन का निर्माण भी किसानों को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से किसानों को एक ऐसा स्थान मिलेगा जहां वे एक-दूसरे से अनुभव साझा कर सकेंगे, कृषि विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे और नई कृषि तकनीकों को सीखकर अपनी खेती को और अधिक लाभकारी बना सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह भवन किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा और इससे क्षेत्र में कृषि के विकास को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह, जैसीनगर जनपद अध्यक्ष रामबाबू सिंह, अंत्योदय समिति के अध्यक्ष साहब सिंह, क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह एडवोकेट राजू बड़ोनिया, पप्पू फुसकेले, डब्बू आठिया, संदीप सिंह, शानिल सिंह, पहलाद सिंह, माधव सिंह, गब्बर सिंह, बाबू सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### भक्ति की डोरी थाम कर ही पाया जा सकता है परमात्मा का सान्निध्यः डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी

**रहली।** नगर के कृषक स्टेडियम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी ने भक्ति, प्रेम और विश्वास की महिमा का बखान किया। कथा के शुभारंभ पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। कथा व्यास डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा को केवल भक्ति की डोरी से ही बांधा जा सकता है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सीख देते हुए कहा, अपनी जीवन की डोर परमात्मा को देने के बजाय, परमात्मा की डोर अपने हाथों में रखिए। जब आपके पास विश्वास और प्रेम की डोरी होगी, तब आप जब चाहें परमात्मा को अपनी ओर खींच सकते हैं। डॉ. त्रिपाठी ने वास्तविक धन की परिभाषा स्पष्ट करते हुए कहा कि सांसारिक संपत्ति अस्थाई है; असल में धनवान वही व्यक्ति है जिसके हृदय में स्वयं भगवान विराजते हैं। कथा के दौरान उन्होंने एक बहुत ही सुंदर और सरल उदाहरण के माध्यम से शास्त्रों के प्रति अटूट विश्वास की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा जिस प्रकार हम रेल टिकट के नंबर और गाड़ी के नंबर पर भरोसा कर निश्चिंत होकर ट्रेन में बैठ जाते हैं और वह हमें गंतव्य तक पहुँचा देती है, ठीक उसी प्रकार हमारे वेद और पुराण प्रमाण हैं। यदि हम इनकी बातों पर विश्वास कर भक्ति की गाड़ी में सवार हो जाएं, तो निश्चित ही हमें जीवन की असली मंजिल प्राप्त हो जाएगी। कथा के शुभारंभ पर निकली शोभायात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने समस्त पार्षदों के साथ पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी जी का माल्यार्पण कर एवं श्रीफल भेंट कर नगर पालिका परिषद की ओर से सम्मान किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने भक्ति भाव के साथ कथा का रसपान किया।



## खुरई की जनता का उत्सव डोहेला महोत्सवः युवानेता अविराज सिंह

**खुरई।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आगामी 5 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले बहुचर्चित और भव्य डोहेला महोत्सव को इस वर्ष और अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किला परिसर मैदान पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण एवं व्यवस्थागत कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अविराज सिंह ने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई है तथा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें, ताकि महोत्सव के दौरान नागरिकों एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अविराज सिंह ने विधायक कार्यालय, ऑफिसर कॉलोनी, खुरई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में भी सहभागिता की, जहां उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता है और इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने सागर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में भी सहभागिता दी।

## भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर निकली श्रीजी की रजत विमान शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी का 2625वॉ जन्मकल्याणक महोत्सव नगर में श्रद्धा,भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह 7बजे भगवान श्री महावीर स्वामी की विशाल रजत विमान शोभायात्रा निकली,द्वार द्वार पर सभी श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती कर श्रीफल समर्पित किए पूरे नगर को आकर्षक तोरण द्वार और झांकी लगाकर सजाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने अपने अपने घर के बाहर रंगोलिया बनाई। शोभायात्रा में सभी श्रद्धालु प्रभु की भक्ति में झूमते नाचते चल रहे थे,बारी-बारी से सभी श्रद्धालुओं ने श्रीजी के रजत विमान को कंधा लगाकर उठाया,विमान शोभायात्रा में सबसे आगे ढोल फिर पाठशाला के बच्चे जैन धर्म का पचरंगा ध्वज लहराते हुए चल रहे थे,उनके पीछे महिला मंडल की सभी महिलाएं अपने-अपने मंडल की साड़ी पहनकर चल रही थी फिर संगीतकार राहुल जैन बड्डे, अमित रिंकू मुल्ला के भजनों पर सभी श्रद्धालु भक्ति में नाच रहे थे सबसे पीछे श्रीजी का विमान चल रहा था। शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया साड़ी और पुरुष सफेद वस्त्र पहनकर चल रहे थे। शोभायात्रा श्री प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर से शुरू होकर परसा चौराहा, झंडा चौक, पुराना थाना, श्री चंद्र प्रभु जिनालय शिवाजी चौक, श्री नवीन दिगंबर जैन मंदिर होते हुए ललिता शास्त्री के बाजू से श्री प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर पहुंची वहाँ पर पाठशाला की छोटे-छोटे बच्चों द्वारा नृत्य के माध्यम से मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया।तत्पश्चात श्रीजी को पांडुक शीला पर विराजमान करके श्रीजी का श्री प्राचीन दिगम्बर जैन जिनालय के सभी ट्रस्टीयों और अन्य श्रद्धालुओं ने श्रीजी की अभिषेक,शांतिधारा की उसके पश्चात पूजन कर अर्घ समर्पित किए।



### झंडा चौक पर हुआ लड्डुओं का वितरण

सुबह 11 बजे से नगर के मुख्य चौराहा झंडा चौक पर मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग तीन क्विंटल मोतीचूर के लड्डू शुद्ध घी से निर्मित नगरवासियों को वितरित किए गए। दोपहर में श्री नवीन दिगंबर जैन मंदिर श्रीजी की अभिषेक, शांतिधारा हुई। शाम को नगर के सभी जिनालयों में संगीतमय आरती और श्री भक्तांबर का पाठ किया गया।



### महावीर जयंती पर शोभा यात्रा का किया स्वागत

**सागर।** महावीर जयंती पर शहर में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका कांग्रेस परिवार ने राजीव गांधी भवन, जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय के सामने भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेसजनो ने शोभा यात्रा में शामिल जैन समाज के अनुयायियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ओर विमान में विराजित भगवान महावीर की पूजा अर्चना की गई। स्वागतकर्ताओं में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, ग्रामीण अध्यक्ष भूपेन्द्र मोहसा, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदेश महासचिव विजय साहू, आशीष ज्योतिषी, पंकज सिंघई, राकेश जैन, अभिषेक शाह, प्रवीण यादव, रवि जैन आदि उपस्थित रहे।

### पढ़े लिखे होना जरूरी है या पढ़ते लिखते रहना, यक्ष प्रश्न : प्रो विवेक सिंह

**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग में सम्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जु भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज से प्रो विवेक कुमार सिंह, विभाग अध्यक्ष, अधिष्ठाता, निदेशक ने शोध की बारीकियों पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि शोध की शुरुआत में एक यक्ष प्रश्न स्वाभाविक रूप से मिलता है कि पढ़े लिखे हो या पढ़ते लिखते हो, यह केवल एक प्रश्न नहीं है यह व्यक्तित्व परीक्षण का आधार भी है। शोध से समाज में बदलाव भी लाया जा सकता है और प्रेरणा भी। प्रोफेसर सिंह ने क्षेत्र-कार्य की बारीकियों पर सम्वाद करते हुए कुछ संस्मरणों को भी उद्धृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि शोध के लिए दृष्टिकोण और व्यक्तित्व के साथ ही सार्थक प्रयास सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध विश्व कल्याण की दिशा में सहयोग करते हैं।सम्वाद में डॉ काली नाथ झा, डॉ नंदी, डॉ शासना, डॉ रजनीश, डॉ ज्योति, अनुराधा, अजय, लकी, फेमिना, राकेश, रागिनी, सोनाली, पूनम, वसुंधरा आदि ने सहभागिता की। अनुराधा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा-जनता के साथ खड़ी है कांग्रेस

# गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार गैस की किल्लत को लेकर अब जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया। सभी कांग्रेसी जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के साथ एकत्रित होकर पीली कोठी के पास इकठ्ठा होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नरेंद्रर भी गायब सिलेंडर भी गायब के नारे लगाए । और खाली सिलेंडर हाथ में एवं सिर पर रखकर प्रदर्शन किया।



जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि संघर्ष खाड़ी देशों में हो रहा है और परेशान भारत की जनता को होना पड़ रहा है। भारत की जनता जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है लाइन से बाहर नहीं निकल पा रही है। हर बार केंद्र सरकार उन्हें कतार में खड़ा कर देती है। केंद्र सरकार को एप्सटीन का यार बताते हुए महेश जाटव ने कहा एलपीजी गैस में जहां पहले दामों में युद्ध स्तर पर बढ़ोतरी की गई वहीं लोगों की जहां सब्सिडी कम की गई । आज अन्य देश में लड़ाई चल रही है और संकट भारत में उत्पन्न हो गया है। पूरे देश में एलपीजी की किल्लत है लोगों के नंबर आने के बाद भी सिलेंडर की सप्लाई नहीं हो रही है।

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे चंद्रभूषण गुड्डू राजा बुंदेला ने कहा सरकार ईंधन प्रबंधन में और कालाबाजारी रोकने में नाकाम रही। नागरिकों को घरेलू आपूर्ति करने में भी असमर्थ रही। वहीं घरेलू सिलेंडर और कामर्शियल सिलेंडरों के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं । स्थानीय प्रशासन गैस की कालाबाजारी रोकने में भी असफल है।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि वहीं ऑटो चालकों को भी एलपीजी गैस नहीं मिलने के कारण घंटों लाइन में लगे होने पर उनकी मजदूरी का नुकसान हो रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है।

पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के राज में जनता वनवास जैसा जीवन व्यतीत कर रही है वनवास काट रही है कब सरकार बदलेगी और लोगों के अच्छे दिन आएंगे कब लोगों को लाइन से मुक्ति मिलेगी।

कलेक्ट्रेट पर हुए विरोध प्रदर्शन में मुकुल पुरोहित, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, सुरेंद्र सुहाने, जगदीश यादव, रामकुमार पचौरी, रमाकांत यादव, नरेंद्र मिश्रा प्रशांत समैया, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, राहुल चौबे, सागर साहू, जितेंद्र चौधरी, कमलेश तिवारी, राकेश राय, महेश अहिरवार, निलेश अहिरवार, दीनदयाल तिवारी, नारायण विश्वकर्मा, लीलाधर सूर्यवंशी, रोहित मांडले, चक्रेश सिंघई, प्रशांत समैया, आनंद हैला, हीरालाल चौधरी, आनंद अहिरवार, समीर खान, मीना पटेल, रिचा सिंह, पवन पटैल, किरण लता सोनी, रेखा सोनी, वसीम खान, ज्योति मलैया, जाहिद ठेकेदार, गंगा राम अहिरवार, दीपक कुर्मी, चक्रेश रोहित, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, कलीम भाईजान, रसीद राइन, दुलीचंद सकवार, बृजेंद्र नगरिया, बाबू मछंदर, अरविंद नागवानी, पप्पू गोस्वामी, आहट बोहरा फिरदौस कुरैशी, शहवाज कुरैशी, अभिषेक पाठक, अरबाज लंबरदार, तज्जु भाई जान, सुनील पाहवा, अनिल दक्ष गीता कुशवाहा, अस्मत खान, उमेश चौधरी, गोपाल प्रजापति, संजय मोंटी यादव, अकिल सिद्दीकी, अबरार सौदागर, डॉ दिनेश पटेरिया, श्रीकांत रैकवार नीरज चौरसिया, सुरेश रैकवार, निलेश चौधरी, प्राण सिंह लोधी, राजेश उपाध्याय, पंकज सिंघई, मयंक ठक्कर, संजय रैकवार, टीकाराम दीवान, सुल्तान कुरेशी, उमेश यादव, गोपी यादव, दुष्यंत जाटव, नारायण विश्वकर्मा, शोएब कुरैशी, गगन जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन तपती दोपहर में मौजूद थे ।



### मामा की हत्या का आरोपी भांजा गिरफ्तारः खुरई में तीन माह से फरार चल रहा था युवक

**खुरई।** खुरई देहात थाना पुलिस ने साढ़े तीन माह पहले अपने मामा की हत्या करने वाले आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नरेंद्र अहिरवार घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने रविवार को उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह घटना खुरई के सहोद्रा राय वार्ड के नागरोरिया में हुई थी। जानकारी के अनुसार, नरेंद्र अहिरवार अपनी मां मीरा अहिरवार और मामा रम्मू अहिरवार के साथ रहता था। वह अक्सर शराब के लिए पैसे मांगता था और न मिलने पर मारपीट करता था। 10 दिसंबर 2023 को नरेंद्र ने शराब के लिए पैसे मांगे। पैसे न मिलने पर उसने अपनी मां और मामा के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान नरेंद्र ने अपने 75 वर्षीय मामा रम्मू अहिरवार के सीने और गले में कई लातें मारीं। उसने पैर से गला दबाकर मामा की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने परिजनों को धमकी दी कि यदि किसी ने मामा की चिता जलाई, तो वह उसे भी मार देगा। इस धमकी के कारण परिजन इतने भयभीत हो गए कि शव 19 घंटे तक घर में ही पड़ा रहा, जिसके बाद अंतिम संस्कार हो सका।मीरा अहिरवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बेटे नरेंद्र अहिरवार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी संतोष सिंह दांगी ने बताया कि 40 वर्षीय नरेंद्र अहिरवार, जो हरप्रसाद अहिरवार का बेटा है, पिछले तीन माह से फरार था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर स्थानीय उपजेल भेज दिया है।

### मुखबिर की सूचना पर एसपी मंडलोई की कार्रवाई

# मजना पुलिस की घेराबंदी में बाइक, शराब व आरोपी चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मजना चौकी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 320 क्वार्टर अवैध देशी शराब, एक मोटरसाइकिल सहित कुल 1 लाख 12 हजार रुपये का माल जप्त कर दो आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में की गई, जिसमें मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर अवैध शराब परिवहन के नेटवर्क पर जोरदार प्रहार किया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मार्च को थाना देहात अंतर्गत चौकी मजना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर कस्बा मजना से बनपूरा की ओर जा रहे हैं। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचीं और संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखी एक बोरी में 320 क्वार्टर प्लेन देशी मदिरा बरामद हुई। जब आरोपियों से शराब परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम यादवेंद्र सिंह ठाकुर एवं रामसिंह ठाकुर निवासी बनपूरा बताए। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 320 क्वार्टर देशी मदिरा जप्त की गईं। यह लगभग 57 लीटर 600 मिली पाई गईं। जिसकी अनुमानित कीमत 32 हजार रुपये बताई गईं है। तथा एक हीरो आई स्मार्ट




मोटरसाइकिल जप्त की गईं जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपये आँकी गईं है। इस प्रकार कुल 1 लाख 12 हजार रुपये का माल जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि जिले में अवैध शराब, नशे के कारोबार एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। जिससे सख्ती से लगाम लगाई जा सके। ऐसे मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी अभियान के रूप में देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में जिले में जगह जगह अबैध शराब बेचे जाने के मामले सामने आ रहे है। इन्ही मामलो की लगातार जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने एक तरफ मुखबिर तंत्र को मजबूत किया तो दूसरी तरफ पुलिस तंत्र को सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

## 48 घंटे के पुलिस महाअभियान से मचा अपराधियों में हड़कंप

**टीकमगढ़।** जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में 28 से 29 मार्च तक जिलेभर में सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। 48 घंटे तक चले इस अभियान में 23 थाना एवं चौकी क्षेत्रों के 371 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मैदान में उतरे, जिससे अपराधियों और वारंटियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अभियान के दौरान पुलिस ने न्यायालयीन कार्रवाई से बच रहे आरोपियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए 35 गिरफ्तारी वारंट, 7 स्थायी वारंट, 166 जमानती वारंट एवं 235 समंस तामील कराए। कुल 443 वारंट और समंस की तामीली कराई गई।

पुलिस द्वारा जिले के 57 हिस्ट्रीशीटर, 91 निगरानी बदमाश एवं 11 जेल से रिहा अपराधियों की गतिविधियों की गहन समीक्षा कर उन्हें पुलिस रडार पर रखा गया। इस कार्रवाई को संभावित अपराधों की रोकथाम की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध शराब के मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत 27 प्रकरण दर्ज कर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की। वहीं यातायात अनुशासन को लेकर

371 जवानों ने मैदान में उतरकर कराए 443 वारंट तामील



चलाए गए चेकिंग अभियान में 264 वाहनों की जांच की गई, जिनमें 77 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 23 हजार रुपये समन शुल्क वसूला गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए इस प्रकार के सघन कॉम्बिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। नियमित गश्त, निगरानी और सख्त कार्रवाई के माध्यम से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जाएगा तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखा जाएगा।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

# टीईटी नियमों पर विधायक ने सुनी शिक्षकों की पीड़ा, सीएम को लिखेंगे पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



टीईटी परीक्षा से जुड़े नियमों को लेकर जिले के शिक्षकों की बढ़ती चिंता अब जनप्रतिनिधियों तक पहुंचने लगी है। जिले के आज़ाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला को ज्ञापन सौंपकर लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों की समस्याओं और पीड़ा से अवगत कराया गया। जिसको लेकर विधायक बुंदेला ने मुख्यमंत्री तक उक्त मामला पहुंचाकर समस्या हल कराने में मदद करने आश्वासन शिक्षकों को दिया।

ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि वर्षों से कार्यरत होने के बावजूद टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने से उन्हें मानसिक दबाव और असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने इसे संवेदनशील विषय बताते हुए शासन स्तर पर पुनर्विचार की मांग की। इस दौरान विधायक बुंदेला ने शिक्षकों की बात को गंभीरता से सुना और सकारात्मक रुख अपनाते हुए भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई के लिए प्रयास किए जाएंगे, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। विधायक बुंदेला ने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। संघ के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह बुंदेला ने विधायक बुंदेला की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि शिक्षक समुदाय को उनसे काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक बुंदेला के प्रयास से शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आने की उम्मीद है।

## भटकी हुई महिला व बच्चों के लिए सहारा बनी पुलिस

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर जिले में त्वरित एवं संवेदनशील पुलिसिंग का प्रभाव लगातार देखने को मिल रहा है। आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की मदद के निर्देशों के पालन में थाना खरगापुर क्षेत्र में डायल-112 टीम ने मानवीयता और तत्परता का सराहनीय परिचय दिया। जानकारी के अनुसार 29 मार्च की देर रात्रि लगभग 12 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि थाना खरगापुर के पास एक लगभग 30 वर्षीय महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ रास्ता भटककर असहाय स्थिति में बैठी हुई है। महिला को स्थानीय क्षेत्र की जानकारी नहीं होने के कारण वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रही थी और देर रात सड़क किनारे परेशान हालत में बैठी थी।



सूचना मिलते ही डायल-112 की एफआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम में तैनात आरक्षक चंद्रपाल सिंह एवं पायलट सैनी कुमार लोधी ने महिला और उसके बच्चों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और उन्हें भरोसा दिलाया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थी, लेकिन रास्ता भटक जाने के कारण देर रात असमंजस की स्थिति में सड़क किनारे बैठी थी। रात्रि के समय कोई साधन उपलब्ध न होने से उसकी परेशानी और बढ़ गई थी। डायल-112 टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला और उसके बच्चों को एफआरवी वाहन से सुरक्षित उसके बताए पते तक पहुंचाया, जहां उसके परिजन मिल गए। इसके बाद पुलिस ने महिला को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

36 फीट ऊंचाई तक काम करने वाला मैन लिफ्टर सिर्फ 39 हजार रुपए में तैयार

# एमपी ट्रांसको का प्रयोग, किफायती रूप में तैयार किया सुरक्षा उपकरण

**टीकमगढ़।** पारेषण कार्यों में नवाचार, सुरक्षा और लागत बचत की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको टीकमगढ़ ने सबस्टेशन मेंटेनेंस कार्यों के लिए 36 फीट ऊँचाई तक कार्य करने में सक्षम मैन लिफ्टर का इन हाउस डिजाइन एवं निर्माण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस नवाचार से न केवल कार्यस्थल की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि मेंटेनेंस कार्य अधिक तेज, सुरक्षित और कुशलता से किए जा सकेंगे।

यह विशेष मैन लिफ्टर सबस्टेशनों में ऊंचाई पर लगे उपकरणों जैसे इंसुलेटर, बस बार, स्ट्रक्चर एवं अन्य तकनीकी उपकरणों के रखरखाव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। अब मेंटेनेंस स्टाफ को ऊँचाई पर कार्य करने के लिए पारंपरिक स्कैफोल्डिंग या सीढ़ियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे दुर्घटना की आशंका कम होगी और कार्य में लगने वाला समय व श्रम दोनों की बचत होगी। इस मैन लिफ्टर की सबसे खास बात यह है कि इसे सबस्टेशन में उपलब्ध स्क्रैप मैटेरियल एवं बाजार से खरीदी गई न्यूनतम सामग्री से तैयार किया गया है। जहां बाजार में इस प्रकार के मैन लिफ्टर की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये से शुरू होती है, वहीं एमपी ट्रांसको टीकमगढ़ की टीम ने इसे मात्र 39 हजार रुपये की लागत में तैयार कर लागत बचत का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस इन हाउस मैन लिफ्टर के निर्माण में अधीक्षण अभियंता सागर एमवाय मंसूरी के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता आरपी कान्यकुब्ज एवं सहायक



अभियंता जीपी राय का विशेष योगदान रहा। अधिकारियों के मार्गदर्शन और तकनीकी कर्मचारियों की मेहनत से यह नवाचार सफल हो सका। इस उपकरण के उपयोग से सबस्टेशन में होने वाले मेंटेनेंस कार्यों की दक्षता बढ़ेगी, मरम्मत कार्य तेजी से पूरे होंगे तथा बिजली आपूर्ति बाधित रहने का समय डाउनटाइम भी कम होगा। स्थानीय स्तर पर डिजाइन और निर्माण किया गया यह मैन लिफ्टर एमपी ट्रांसको की तकनीकी क्षमता, नवाचार सोच और संसाधनों के बेहतर उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। यह पहल भविष्य में अन्य सबस्टेशनों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती

### प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को दी विचारधारा व योजनाओं की जानकारी

# 'पंडित दीनदयाल की सोच ही है भाजपा की सरकार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत सोमवार को कुंडेश्वर, बड़ागांव धसान और बुड़ेरा मंडलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का महा प्रशिक्षण अभियान आयोजित किया गया। कुंडेश्वर मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम गणेश धर्मशाला में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण अभियान में मुख्य रूप से संभाग प्रभारी पुष्पेंद्र नाथ पाठक एवं पूर्व विधायक राकेश गिरी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के दौरान पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल की सोच को साकार करते रहना ही भाजपा सरकार का उद्देश्य है। पंडित दीनदयाल की सोच के आधार पर ही धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराने सहित सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा पार्टी का उद्देश्य रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, निःशुल्क राशन, लाड़ली लक्ष्मी योजना, जननी एक्सप्रेस, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन, साइकिल वितरण जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा अंत्योदय की रही है, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच शामिल है। इसी विचारधारा पर चलते हुए सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। वहीं बुड़ेरा मंडल के प्रशिक्षण शिविर में भी पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नल जल योजना के तहत गांव गांव तक पानी पहुंचाने का काम किया गया है तथा लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के खातों में हर माह आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# महाकवि केशवदास जयंती पर संगोष्ठी व पुस्तक विमोचन

**टीकमगढ़।** मुगलकालीन रीतिकाल के प्रसिद्ध महाकवि केशवदास की जयंती के अवसर पर कवि संगोष्ठी एवं साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन केशव भवन ओरछा में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बुंदेलखंड अंचल के साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महाकवि केशवदास के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालकर किया गया। वक्ताओं ने उन्हें बुंदेलखंड का कालजयी साहित्यकार बताते हुए कहा कि उनकी रचनाएं आज भी साहित्य जगत को दिशा दे रही हैं। इस अवसर पर केशव जयंती के प्रेरणास्रोत साहित्यकार एवं संपादक स्व. हरगोविंद त्रिपाठी पुष्प के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह चांद ने कहा कि ओरछा में केशव जयंती को स्थापित करने में हरगोविंद त्रिपाठी पुष्प का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने एक दिवसीय आयोजन को सात दिवसीय महोत्सव का स्वरूप देकर कला, संगीत, साहित्य और लोकसंस्कृति को नया मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्नालाल मिश्रा ने करते हुए कहा कि महाकवि केशवदास, गोस्वामी तुलसीदास के समकालीन थे और ओरछा दरबार में प्रतिष्ठित रहे। उन्होंने रामचंद्रिका, रसिकप्रिया, कविप्रिया, विज्ञानगीता एवं वीरसिंह देव चरित्र जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना कर हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। उन्होंने संस्कृति विभाग द्वारा जयंती आयोजन बंद किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत के साथ अन्याय बताया। नपाध्यक्ष शिशुपाल राजपूत ने कहा कि आगामी वर्षों में नगर परिषद द्वारा केशव जयंती आयोजन को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा तथा महाकवि केशवदास की प्रतिमा एवं मुख्य द्वार का निर्माण एक वर्ष के भीतर कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड के साहित्यकार दीनदयाल तिवारी वेताल की काव्य कृतियों बेटा दूध करूला करियो एवं बोलो मीठे बोल तथा मीरा अग्रवाल की कृति साकेत धाम ओरछा का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के साहित्यकारों ने काव्य पाठ कर महाकवि केशवदास को श्रद्धांजलि अर्पित की।



कलाकारों ने भगवान के दर्शन कर मांगी सफलता की दुआ

# बुंदेली माटी की खुशबू लेकर आ रही फिल्म 'सिंदूर का सौदा' कुंडेश्वर धाम में लॉन्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बुंदेलखंड की संस्कृति, परंपराओं और ग्रामीण जीवन पर आधारित बुंदेली फिल्म सिंदूर का सौदा की लॉन्चिंग सोमवार को शिवधाम कुंडेश्वर धाम में की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुंदेली कलाकार, स्थानीय नागरिक और संस्कृति प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने फिल्म को अपना समर्थन देते हुए इसे भरपूर प्यार देने की अपील की। फिल्म के कलाकारों ने कुंडेश्वर धाम पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और फिल्म की सफलता के लिए प्रार्थना की। कलाकारों ने दर्शकों से आग्रह किया कि बुंदेली भाषा, संस्कृति और स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए इस फिल्म को जरूर देखें और समर्थन दें।

फिल्म में सोशल मीडिया स्टार कक्कू भैया, प्रिया सेन, आशीष उपाध्याय, नन्ना भैया, बिट्टू उपाध्याय और राकेश मुखिया मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। कलाकारों का कहना है कि उन्होंने अपने अभिनय से बुंदेलखंड की




मिट्टी की खुशबू और यहां के जीवन को पर्दे पर उतारने का प्रयास किया है। कार्यक्रम के दौरान कक्कू भैया ने फिल्म निर्माण की चुनौतियों को साझा करते हुए बताया कि वे बुंदेली कलाकारों को मंच देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कलाकारों को पारिश्रमिक देना संभव नहीं हो पाता और पूरी टीम निशुल्क काम करती है। उन्होंने बताया कि एक फिल्म बनाने में लगभग 3 लाख रुपये का खर्च आता है, जबकि यूट्यूब और सोशल मीडिया से करीब 80 हजार रुपये तक की ही आमदनी हो पाती है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि बुंदेली कलाकारों को भी बड़े पर्दे और सिनेमा घरों में जगह मिलनी चाहिए, ताकि उनकी कला को सही पहचान और सम्मान मिल सके। कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड अंचल से पहुंचे लोगों ने कलाकारों को बधाई दी और उनके साथ मुलाकात की यादों को अपने कैमरों में कैद किया। यह फिल्म केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि बुंदेली संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय कलाकारों को पहचान दिलाने का एक सशक्त प्रयास मानी जा रही है।

### पंचकल्याणक महोत्सव में धूमधाम से मना जन्मकल्याणक

# महापुरुषों के गुणों का स्मरण करने से होती है पुण्य की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

निकटवर्ती श्री दिगंबर जैन मंदिर लार में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन तीर्थंकर भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव को धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर पूरा पांडाल भगवान के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः बेला में अभिषेक पूजन एवं विश्व शांति और जगत कल्याण के लिए वृहत शांतिधारा से हुई। इसके बाद सुबह तीर्थंकर बालक आदिकुमार के जन्म की घोषणा होते ही पांडाल में खुशियों का माहौल छा गया और भगवान भगवान आदिनाथ के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने वाद्ययंत्रों और भक्ति संगीत के साथ जन्मोत्सव मनाया।

जन्म कल्याणक के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें



भगवान की प्रतिमा को सुसज्जित रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में हाथी घोड़े, बैंड बाजे, अखाड़े, डोल नगाड़े और संगीतमय झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सोधर्म इंद्र द्वारा भगवान को ऐरावत हाथी पर बैठाकर सुमेरु पर्वत ले जाने का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया, जहां भगवान का अभिषेक किया गया। पंडाल में भगवान की बाल क्रीड़ाओं का मंचन किया गया तथा श्रद्धालुओं ने पालना झुलाकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं और पुष्पवर्षा की। जैन संतों के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि महापुरुषों के गुणों का स्मरण करने से पुण्य की वृद्धि होती है और जीवन में शांति एवं आनंद की प्राप्ति होती है। महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही मनुष्य आत्मकल्याण और मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर हो सकता है। महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट प्रभात जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च को भगवान का तप कल्याणक एवं आचार्य पदारोहण दिवस विशुद्ध सागर जी महाराज का कार्यक्रम भी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

### जल्द कार्रवाई न किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

# हमले के विरोध में कराया बाजार बंद,घेरी कोतवाली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

शहर की कलारना बस्ती में बाबूलाल बैरवा और उसके परिवार के लोगों पर रात्रि के दौरान घर में घुसकर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले को लेकर सोमवार को सकल हिंदू समाज के बैनर तले पीडित परिवार और हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए न केवल शहर के बाजार को बंद कराया,बल्कि कोतवाली थाने का घेराव करते हुए धरना भी दिया। इसके बाद एएसपी और एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर हमला करने वाले आरोपियों को जल्द अरेस्ट कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग जोरदारी से उठाई है।

बता दें कि 24-25 मार्च की दरमियानी रात को शहर की कलारना बस्ती, वार्ड क्रमांक 11 निवासी बाबूलाल बैरवा (56) के घर में घुसकर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया था। हमले में बाबूलाल बैरवा और उसकी दोनो बेटी ममता और अर्चना के साथ उसकी पत्नी कान्ति व पुत्र लोकेन्द्र घायल हो गए। जिन्हें रैफर भी कर दिया।कोतवाली पुलिस ने इस मामले में बाबूलाल की रिपोर्ट पर समीर मुसलमान निवासी पीपल्दी तथा दो अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। हालांकि समीर को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया, लेकिन उसके साथियों को पुलिस अभी अरेस्ट नहीं कर पाई है। जिसके चलते पीडित परिवार के लोगों में आक्रोश बढता जा रहा है। इसी मामले को लेकर संकल हिंदू समाज के बैनर तले पीडित परिवार के महिला पुरूषों के साथही विभिन्न संगठनों से जुडे लोग बडी संख्या में सोमवार को श्री हजारेश्वर पार्क में एकत्रित हुए। इसके पहले हिंदूवादी संगठनों ने बाजार में घूमकर व्यापारियों से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान भी किया। श्री हजारेश्वर पार्क में बैठक करने के बाद सभी एकत्रित लोग नारेबाजी करते हुए शहर के बाजार में खुली दुकानों को बंद कराते हुए कोतवाली थाने पर पहुंचे,जहां उन्होने नारेबाजी करते हुए कोतवाली थाने का घेराव किया। जहां उनका ज्ञापन लेने के लिए पहले एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता आए, लेकिन प्रदर्शनकारी लोगो ने उन्हें ज्ञापन सौपने से इनकार कर दिया और कोतवाली थाने के सामने धरना देकर बैठ गए। धरना-प्रदर्शन के दौरान कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल रहे। इनमें भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, रामलखन नापा खेड़ली और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। थोडी देर बाद कोतवाली पर पहुंचे एएसपी प्रवीण अष्ठाना और एसडीएम गगन सिंह मीणा को आंदोलनकारी लोगों ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।



#### सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन,आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

सीएम के नाम सौपे गए ज्ञापन में प्रदर्शनकारी लोगो ने इस हमले को अंजाम देने वाले फरार बने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने के साथही उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में आरोपियों के द्वारा कब्जाई शासकीय भूमि को मुक्त करवाने और पीडित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने तथा ऐसी घटना दोबारा न हो,इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाने की मांग भी की गई है। इस दौरान आंदोलनकारी लोगो ने मामले की जांच को लेकर सवाल उठाते हुए मामले की जांच एसडीओपी से हटाकर एएसपी स्तर के पुलिस अधिकारी को सौपे जाने की आवश्यकता जताई। साथही ये चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी और मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### आरोपी की फसल पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

सोमवार को एसडीएम गगन सिंह मीणा व एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता की अगुवाई में पुलिस बल के साथ प्रशासन की टीम दौलतपुरा के हार में पहुंची, जहां प्रशासन की टीम ने हमले के आरोपी के परिजन के खेत में खडी गेंहू की फसल पर बुलडोजर चला दिया। तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने बताया कि ग्राम पीपल्दी निवासी गफ्फार पुत्र अशरफ खा द्वारा दौलतपुरा में सर्वे नंबर 177/102 के रकबा 0.418 हेक्टयर पर अवैध अतिक्रमण कर गेहूं की फसल बोई गई थी। उक्त भूमि पर जेसीबी चलाकर फसल नष्ट करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

#### कार्रवाई चल रही

सकल हिंदू समाज द्वारा आज विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया है। इस मामले में कार्रवाई चल रही है। आगे भी नियमानुसार वैद्यानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रवीण भूरिया
एएसपी,श्योपुर

### हर्षोल्लास के साथ मना भगवान महावीर का जयंती समारोह

# शहर में निकली शोभायात्रा जैन मंदिर पर हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जयंती पर्व सोमवार को सकल जैन समाज द्वारा आस्थामयी उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में सकल जैन परिवारों ने सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में आस्था के साथ सहभागी बनते हुए शोभायात्रा निकाली।

अल सुबह सरावगी मोहल्ला स्थित बड़े मंदिर से चल समारोह आरंभ हुआ जो गाजे-बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से निकला। शोभायात्रा में सबसे आगे जैन समाज के लोग धर्मध्वज लेकर चल रहे थे। महिलाएं भजन-कीर्तनों पर नाचती हुईं चल रही थीं। इसके बाद समाज के लोग रथ, जिसमें भगवान की तस्वीर रखी हुई थी उसे अपने हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। इससे पूर्व चल समारोह का अनेक स्थानों पर न केवल स्वागत-सत्कार किया गया, बल्कि भगवान श्री महावीर की आरती उतारकर पूजन भी किया गया। बड़े मंदिर तक पहुंची शोभायात्रा का समापन किला क्षेत्र में स्थित जैन मंदिर पर पहुंचकर हुआ। तेरहपंथी दिगम्बर जैन मंदिर सहित बायपास रोड पर संभवनाथ जैसवाल जैन मंदिर पर विधि-विधान से भगवान महावीर का विशेष पूजन व अभिषेक किया गया तथा समूचा मंदिर परिसर पावन मंत्रों के सामूहिक उच्चारणों से गूंजता रहा। जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों का समापन सांध्यवेला में विशेष आरती तथा रात्रिवेला में पालना उत्सव के साथ हुआ।





#### जगह-जगह हुआ स्वागत

सकल जैन समाज द्वारा महावीर जंयती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। साथ ही भगवान की आरती गई। इस दौरान स्वयं सेवी संस्थाओं से से जुड़े कार्यकर्ता व राजनेताओं ने उपस्थित लोगों को शीतल जल पिलाकर व आइस्क्रीम खिलाकर स्वागत किया।

### गसवानी थाना क्षेत्र का मामला,पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को किया अरेस्ट

# झगड़े में बीच बचाव करने आए फूफा की भतीजे ने कुल्हाड़ी मार कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

पिता पुत्र के बीच हो रहे झगडे में बीच बचाव करना फूफा को महंगा पड गया। क्योंकि बीच बचाव करने आए फूफा की भतीजे ने कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी। यह मामला गसवानी थाना क्षेत्र के गांव बडौदाकलां का है। पुलिस ने बुआ की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गसवानी थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम बडौदाकलां निवासी अजय आदिवासी और उसके पिता कल्ला आदिवासी के बीच रविवार की शाम को किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। अजय का फूफा नरेश आदिवासी फूफा होने के नाते पिता पुत्र के बीच हो रहे झगडे में बीच बचाव करने के लिए पहुंच गया। इसी बात से आक्रोशित होकर अजय ने फूफा नरेश के सिर में कुल्हाडी मार दी। जिससे नरेश लहुलूहान होकर जमीन पर गिर पडा। जब उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मृतक नरेश के शव का पीएम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया और नरेश की पत्नी ऊषा आदिवासी की रिपोर्ट पर अजय आदिवासी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे अरेस्ट कर लिया है।

#### निजी यात्री बस से जेवरात से भरा बैग चोरी

श्योपुर। एक निजी यात्री बस में से एक यात्री का जेवरों से भरा बैग चोरी हो गया जिसकी सूचना यात्री ने बडौदा थाने में दी है। ग्राम बांसोद निवासी पूरणचंद पुत्र रामचंद्र गुर्जर ने बडौदा थाने में दिए आवेदन में बताया कि उसकी पुत्र वधु लक्ष्मी गुर्जर को रात नौ बजे इंदौर जाने वाली शिव शक्ति कंपनी की बस में आनलाइन टिकिट करवाकर ललितपुरा से बैठाया था। उसके पास एक ट्राली भी बैग था जिसमें सोने के टॉप्स, चांदी के हाथ कंगन, चांदी की पाजेब, चांदी की बिछिया, बच्चे के पैर की पायल, नगद केश 10 हजार रुपए सहित कपड़े और दूसरा समान था। इस बेग को बस परिचालक महमूद खान और हेल्पर अंसारी ने अपनी गारंटी पर बस की डिग्गी में रखवा दिया। रात दो बजे बस परिचालक ने पुत्र वधु लक्ष्मी गुर्जर को बताया कि उसका बैग चोरी हो गया है। आवेदक ने बस स्टाफ पर चोरी की आशंका जताते हुए बेग बरामद कराने की मांग की है। बेग नहीं मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की चेतावनी दी है।

#### छह पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर

श्योपुर। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने एक प्रधान आरक्षक समेत छह पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर कर दिया है। ट्रांसफर आदेश के मुताबिक दीवान आशुतोष शर्मा को कोतवाली से वीरपुर, आरक्षक राधेश्याम शर्मा को कोतवाली से बडौदा, दीपक लाहौटी को कोतवाली से मगरदा, गिरवर कुमार को मानपुर से वीरपुर, आरक्षक को कोतवाली से चिलवानी तथा दीपक जाट को बडौदा से मानपुर थाने भेजा गया है।

# पेड से टकराई तेज रफ्तार बोलेरो एक की मौत, चार लोग घायल

**नेशनल हाइवे पर बुढेरा चौराहे के पास जंगल में हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

बरगवां थानातंर्गत नेशनल हाइवे पर गोरस श्यामपुर के बीच बुढेरा चौराहे के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार सोनू पुत्र पप्पू जाटव निवासी श्यामपुर की मौत हो गई। जबकि चार लोग पवन, लालजी, दुर्गेश एवं सत्येंद्र (सभी जाति रावत) निवासी श्यामपुर घायल हो गए। जिनमें दुर्गेश और सत्येंद्र गंभीर रूप से घायल हैं।

बरगवां थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि यह बोलेरो श्योपुर से सामान ले कर वापस श्यामपुर की तरफ जा रही थी,तभी बुढेरा चौराहे के पास जंगल में अचानक हाइवे पर इनकी गाडी के सामने नील गाय आ गई। जिससे गाडी अनियंत्रित होकर पेड से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजकर सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया और मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



### रात को जलाया जाता है कचरा, शहर तक उड़ता दिखाई पड़ता है धुआं

# मठेपुरा वासियों को बीमारी उपहार में दे रही टचिंग ग्राउंड की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका का टचिंग ग्राउंड मठेपुरा वासियों के लिए अभिशाप बन गया है। नपा शहर का सारा कचरा एकत्रित कर टचिंग ग्राउंड में भेज रही है जहां नियम अनुसार उसका निस्तारण गाड़कर अथवा मशीनों से खाद बनाकर किया जाना चाहिए लेकिन नगर पालिका कर्मचारी उक्त कचरे का निस्तारण जलाकर कर रहे हैं। जिससे वातावरण तो दूषित हो ही रहा है साथही मठेपुरा वासी विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

ग्राम मठेपुरा निवासी राम लखन माहौर ने बताया कि रात को नगर पालिका कर्मचारी कचरे में आग लगाकर छोड़ देते हैं जिससे आसमान में कई किलोमीटर दूर से धुंआ दिखाई पड़ता है घरों की हालत तो यह है कि घरों में भी यह प्रदूषण फैलाने वाला धुंआ प्रवेश कर विभिन्न बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है। गर्मियों में घर के बाहर कूलर लगा देने से ठंडक तो नहीं मिलती है अथवा एक्जास्ट फेन धुएं को खींचकर घर में प्रदूषण भर देता है। इस धुएं के कारण सभी ग्रामीणों का जीना हराम हो चुका है। कई बार नगर पालिका और जिला प्रशासन को आवेदन दिया जा चुका है की टचिंग ग्राउंड में कचरा का निस्तारण जलाकर ना करें लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती है।



#### लाखों रुपए की खरीदी मशीन नहीं बना सके खाद

टचिंग ग्राउंड में एकत्रित होने वाले कचरे से जैविक खाद बनाने के लिए नगर पालिका ने मशीन भी खरीदी हुई है जिसे टचिंग ग्राउंड में लगा दिया गया है इसके अलावा कई टैंक भी बनाए हैं जिसमें कचरे को डालकर जलाने का काम कर जैविक खाद बनाया जाता है। इससे पहले फटका मशीन से कचरा से धातु पोलीथीन इत्यादि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है। बचे हुए कचरे से जैविक खाद बनाने का दावा नगर पालिका करती है लेकिन कभी नगरपालिका ने किसी किसान को एक मुट्ठी खाद भी नहीं बचा है।

#### करेंगे कार्रवाई

टचिंग ग्राउंड में कचरा का निस्तारण जलाकर नहीं किया जा सकता है इसके निर्देश दिए गए हैं अगर यह कचरा जलाकर निस्तारण किया जा रहा है तो संबंधितों पर कार्रवाई करेंगे।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

### कहीं किसानों को फिर बर्बाद न कर दे शासन प्रशासन की यह लापरवाही

# आगजनी का हब बन चुके सोंईकलां क्षेत्र में नरवाई की आग भड़कने से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोमवार को सोईकलां के पास एक खेत में नरवाई जलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। दरअसल नरवाई की आग उनके खेतों तक पहुंचने लगी थी जहां अभी गेहूं की फसल खड़ी है हालांकि इस आग को किसान अज्ञात कारणों से लगना बता रहे हैं लेकिन कुछ लोग इसे किसानों द्वारा गर्मियों वाली धान की पैदावार लेने की आपाधापी में लगाना बता रहे हैं। खैर सच्चाई क्या है यह तो ऊपर वाला जाने पर किसानों और शासन प्रशासन की इस लापरवाही का शिकार सोईकलां क्षेत्र के किसान हमेशा होते आए है ऐसा कोई साल नहीं गुजरा जब यहां आगजनी से गंभीर हादसा नहीं हुआ हो। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत, जनपद अथवा जिला पंचायत के पास अपनी दमकल गाड़ी नहीं होने से पूरे जिले में आग बुझाने का दारोमदार नगर पालिका पर आन पड़ता है। आग बुझाने में उसके दमकल भी कमजोर साबित होते हैं इतनी अधिक बर्बादी के बाद भी हमने सबक नहीं लिया यह आश्चर्य की बात है। यहा बता दें कि साल 2024 में आगजनी से सबसे अधिक बर्बादी इस क्षेत्र में हुई थी। आग से 08 हजार बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई थी। सबसे दुखद घटना यह है कि, खेतों में लगी आग ने दो किसानों के प्राणों की आहूति ले ली थी। इससे पहले चिमलका गांव में एक महिला किसान की जलने से मौत हो गई थी, ओर महू गांव में एक बुजुर्ग किसान खेत के बीच जिंदा जल गया था। गर्मी के साथ खेतों में आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इन्हें रोकने की कोई प्लानिंग कृषि विभाग या जिला प्रशासन अब तक नहीं कर सका है। तब सोंई के पास गोपालपुरा गांव के खेतों में खड़ी नरवाई में आग भड़क गई थी जो हवा के साथ बढ़ती गई। गोपालपुरा के बाद सोंई के हार, चिमलका और बगडुआ होते हुए करीब 08 किमी दूर तक देवरी हनुमान मंदिर के पास पहुंच गई। आग इतनी भयंकर थी कि, चिमलका और बगडुआ गांव के खेत राख से काले नजर आने लगे।



#### अपने लिए फायर ब्रिगेड गाड़ी नहीं खरीद पाया पंचायत विभाग

आग लगने के बाद उस पर काबू पाने के लिए रामबाण हथियार फायर ब्रिगेड गाड़ी से पानी की बौछार देकर आग को बुझाया जाना और आग को आगे बढ़ने से रोकना है इस काम के लिए पूरा जिला सिर्फ श्योपुर नगर पालिका पर आश्रित है श्योपुर नगर पालिका के पास अभी तीन दमकल गाड़ी है वह भी पूरी समय ठीक नहीं रहते हैं एक न एक वाहन गैराज में सुधारने को पड़ा रहता है बड़ौदा विजयपुर की बात करें तो एक-एक दमकल वाहन लेकर वह दूसरे क्षेत्रों में आग बुझाने में सक्षम नहीं है प्रश्न यह उठता है कि जिले की कार्य योजना बनाने वाली जिला पंचायत और जनपद पंचायत इसके बाद ग्राम पंचायत करोड़ों रुपए मनरेगा दूसरी मद से विभिन्न कामों में खर्च कर देती है तो क्या वह जनपद स्तर पर एक-एक फायर ब्रिगेड वाहन खरीदने के लिए पैसा खर्च नहीं कर सकती जिससे किसानों को बर्बादी से बचाया जा सके।

#### खेत में लगी आग से जिंदा जला बुजुर्ग किसान

वर्ष 2024 में महू गांव निवासी जगन्नाथ उर्फ जग्गा (75) पुत्र भंवर लाल बैरवा की जान खेत में लगी आग ने ले ली। किसान जग्गा खेत में बनी झोंपडी में गहरी नींद में सो गया। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजरे बिजली के तारों में फॉल्ट हो गया और एक तार टूटकर खेत में गिरा और नरवाई में आग लग गई। इस आग ने उस झोंपड़ी को भी चपेट में ले लिया जिसें बुजुर्ग जग्गा सो रहा था। जग्गा बाहर निकले लेकिन, चारों ओर से आग से घिर गए। खेत में ही बुरी तरह जल चुके जग्गा को कुछ किसानों ने बाहर निकाला। अस्पताल लाए, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही जग्गा दम तोड़ चुका था।

#### मवेशियों के बचाते आगे में फंसी, जलकर मौत

खेत में लगी आग से मौत की दूसरी घटना 30 अप्रैल 2024 को चिमलका गांव में हुई थी। सोंई निवासी कमलेशी बाई (46) पत्नी रघुवीर मीणा चिमलका गांव में अपने खेतों पर काम कर रही थी। तभी दूसरे खेतों की नरवाई में लगी आग उसके खेत और मवेशियों के बाड़े तक आ पहुंची। खूंटे पर बंधी मवेशी को आग से बचाने के लिए कमलेशी बाड़े में घुसी। मवेशी को बाहर निकल गए, लेकिन आग से कमलेशी घिर गई और 80 प्रतिशत से ज्यादा जल गई। इलाज के दौरान कमलेशी ने दम तोड़ दिया।

### जिला कांग्रेस कमेटी के शपथ ग्रहण समारोह में विधायक के बिगड़े बोल...

# जो कांग्रेसी भाजपाइयों के साफे बांध रहे हैं पहले उन्हें पार्टी से निकालो:जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जो कांग्रेसी भाजपा नेताओं के साफे बांध रहे हैं पहले उन्हें पार्टी से बाहर करने की जरूरत है। पार्टी में छुपे विभीषणों को जब तक पार्टी से निकाला नहीं जाएगा तब तक कांग्रेस मजबूत नहीं होगी। यह बात सोमवार को एक होटल में जिला कांग्रेस कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह में संबोधन देते हुए कही।

जिला कांग्रेस कमेटी के नवागत पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण एवं जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे श्योपुर जिले के प्रभारी राम हरीश शर्मा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के काम में जुटने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि मध्य प्रदेश में सिर्फ श्योपुर जिला ऐसा है जहां विधानसभा की सभी सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। आपको इसी एकता का प्रदर्शन आगे भी करने की जरूरत है। इसके बाद उद्बोधन देने पहुंचे विधायक बाबू जंडेल ने अपने ही अंदाज में उद्बोधन देते हुए कहा कि पार्टी में एकता तब तक नहीं होगी जब तक कांग्रेस का चोला ओढ़े विभीषणों को बाहर नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई नेता भाजपा नेताओं को हर कार्यक्रम समारोह में साफा बांधते हैं ऐसे सांफे बांधने वाले फर्जी कांग्रेसियों को पहले निकालो। उन्होंने कहा कि वह लोग हमसे कहते हैं कि हमारा व्यक्तिगत संबंध है अगर आपका व्यक्तिगत संबंध भाजपाइयों से है तो उन्हीं के साथ रहो कांग्रेस में आने की क्या जरूरत है। विधायक जंडेल ने सरपंचों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैं विधायक हूं या ना रहूं अगर कांग्रेस की सरकार आ गई तो जो भाजपा नेता जो आज दलाली कर करोड़ों का अंबार लगा रहे हैं जमीन खोद खोद कर रुपए निकाल रहे हैं उन्हें जेल पहुंचाने का काम जरूर करूंगा कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने की।



#### सरपंचों को बताया लुढ़कना लौटा

विधायक बाबू जंडेल ने कुछ सरपंचों को लुढ़कना लौटा बताते हुए कहा कि इनको लेकर ज्यादा पैनिक होने की जरूरत नहीं है, यह तो लुढ़कना लौटा है आज भाजपा की सरकार है तो उसकी तरफ है कल कांग्रेस की सरकार आ जाएगी तो इधर हो जाएंगे। सत्ता के साथ मिलकर रहना इनकी मजबूरी भी है।

### लापता युवक का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

श्योपुर। बरगवां थाना क्षेत्र के गांव पर्तवाडा निवासी एक युवक का शव रविवार को सेडपुरा के नाले के पास जंगल में एक पेड से फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक युवक दो दिन से लापता बना था। युवक ने फांसी क्यों लगाई, फिलहाल इसका पता नहीं है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।बरगवां थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम पर्तवाडा निवासी हरिओम आदिवासी 40 वर्ष पुत्र सामले आदिवासी 27 मार्च को गांव के किसी व्यक्ति के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। इसके बाद लापता हो गया। हरिओम की कुछ समय दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी। परिवार के लोगो ने उसकी तलाश शुरू की, मगर वह नहीं मिला। रविवार को सेडपुरा के नाले के पास जंगल में एक पेड से फांसी के फंदे पर हरिओम की लाश लटकी मिली है। पुलिस का अनुमान है कि मृतक ने खुद ही अपनी साफी से फांसी लगाई है।

## खबर संक्षेप

### महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम खासखेडा निवासी लाली पत्नि सोनू कोरी उम्र 27 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में कपड़े की रस्सी बनाकर फांसी लगा ली। पति की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए लाया गया, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गणगौर मेला से लौट रहे युवक पर लाठी से हमला

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी में चल रहे गणगौर मेले से अभिषेक पुत्र गोरेलाल उम्र 27 वर्ष जब सुबह 3 बजे अपने घर वापिस आ रहा था। तभी अज्ञात लोगों ने युवक पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,। घायल होने के बाद से जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया जहां उनका उपचार जारी है।

### पुरानी रंजिश पर 70 वर्षीय वृद्ध को हमला कर घायल किया

**अशोकनगर।** सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी ग्याप्रसाद पुत्र निरपत सिंह कुशवाह उम्र 70 वर्ष को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि सुबह 5 बजे जब वह शौच के लिए जा रहा था तभी 3 युवकों ने मुझ पर पुरानी रंजिस पर से लाठियों से हमला कर दिया जिनमें संतोष, हल्के और गेतू कुशवाह शामिल हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी मंगल सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णकुमार कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गता निवासी लालू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालाराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैनाई निवासी दीपक राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप और प्रदूमन राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महुआखेडा निवासी सतेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवराज, रघुनाथ, जयपाल और कुलदीप यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से कुलदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वीर सिंह, सतेन्द्र सिंह, जगदीश, और मलखान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गा्रम बडेरा निवासी सुखवती रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और रानी रैकवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेरिया निवासी भरत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ग्राम किरोंदा निवासी अनीता बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने की पुलिस ने ग्राम छपराई खालसा निवासी समीर पुत्र सूर्यभान यादव के पास से 20 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने सूखा चक्क निवासी रत्ना आदिवासी के पास से 06 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने ही भगवान पुर निवासी लवसिंह सिक्ख के पास से 4 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## महावीर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, अभिषेक के साथ शांतिधारा की

# चैत महीना पावन है, जिसमें रामनवमी महावीर व हनुमान जयंती पर्व आतेः सरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना





नगर में भगवान महावीर स्वामी की जयंती अत्यंत भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा शांतिनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर महावीर चौक, रेलवे स्टेशन, बड़ी बजरिया, पार्श्वनाथ मंदिर, कच्चा रोड, इटावा होते हुए पुनः शांतिनाथ मंदिर गल्ला मंडी प्रांगण पहुंची। वहां भगवान महावीर स्वामी का विधिपूर्वक अभिषेक एवं शांतिधारा सम्पन्न हुई, जिसका मंत्रोच्चार बाल ब्रह्मचारी संदीप सरल द्वारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा के अग्रभाग में सजे-धजे घोड़ों पर राजकुमार स्वरूप बालक विराजमान थे। भगवान महावीर के जीवन को दर्शाती आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे एवं डीजे की धुनों पर नृत्य करते श्रद्धालु पूरे नगर में भक्ति का अनुपम वातावरण बना रहे थे। प्रवचन में संदीप सरल ने चैत मास की महत्त्वता बताते हुए कहा कि यह महीना अत्यंत पावन है, जिसमें तीन प्रमुख पर्व- रामनवमी, महावीर जयंती और आगामी हनुमान जयंती आते हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी पर्वों का मूल संदेश धर्म, संयम, त्याग, अहिंसा और सेवा भाव को अपनाना है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भगवान महावीर के सिद्धांतों- अहिंसा, सत्य और करुणा को अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम के समापन पर संदीप सरल ने घोषणा की कि आगामी वर्ष महावीर जयंती के आयोजन का सौभाग्य पार्श्वनाथ पंचायत जैन मंदिर छोटी बजरिया को प्राप्त होगा।

बाल ब्रह्मचारी संदीप सरल का यह प्रयास न केवल संगठन और एकता का अनुपम उदाहरण है, बल्कि उनके सरल स्वभाव, त्यागमयी जीवन और धर्म के प्रति समर्पण ने बिना नगर को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान प्रदान की है। मंत्री आरके जैन ने बताया कि ब्रह्मचारी संदीप सरल के अथक प्रयासों से बीना नगर आज केवल एक स्थानीय नगर नहीं, बल्कि धार्मिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उनके मार्गदर्शन में विकसित श्रुतधाम जैसे पवित्र स्थल के कारण बीना का नाम पूरे भारतवर्ष में सम्मान के साथ लिया जाता है। यह उपलब्धि उनके समर्पण, दूरदर्शिता और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा का प्रत्यक्ष प्रमाण है

# जांच को लेकर तीन-तीन समितियां बनी, कार्रवाई आज तक नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगलाचैराहा

जिले की मुंगावली जनपद की ग्राम पंचायत इकोदिया में हुए लाखों रुपये के घोटाला भृष्टाचार ओर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये अपनों के खातों में ट्रांसफर की शिकायत को लेकर जब जनपद पंचायत मुंगावली ओर जिला पंचायत अशोकनगर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इकोदिया पंचायत वार्ड क्रमांक 06 के पंच हरिओम त्यागी ने भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के नाम पिछले दिनों एक शिकायती आवेदन के साथ प्रशासनिक स्तर की समस्त जांच प्रतिवेदन संलग्न कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

जहां शिकायत कर्ता की शिकायत को पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अशोकनगर के लिए कार्रवाई के लिए पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। जहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजैश जैन द्वारा उक्त पत्र को गंभीरता से लेते हुए एक जांच समिति का गठन 15 दिसम्बर 2025 को किया गया था, जिसमें कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिक सेवा संभाग अशोकनगर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली ओर प रि यो ज ना अधिकारी(मनरेगा)जिला पंचायत अशोकनगर को सम्मिलित कर निर्देशित किया की उपरोक्त जांच कमेटी संलग्न आवेदन में वर्णित बिन्दुओं की बिन्दुबार जांच कर जांच प्रतिवेदन संयुक्त हस्ताक्षर एवं स्पष्ट अभिमत सहित सात दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगी। लेकिन सात दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने वाली समिति साढे तीन महिना बीत जाने के बाद भी पूरी नहीं कर सकी है। जांच करना तो दूर की बात है, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जो समिति का गठन किया था,वह समिति आज तक इकोदिया पंचायत में नहीं पहुंच सकी है।जिसको लेकर यही कहा जा सकता है।गठित की गई जांच समिति को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देश को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने तीन बार बनाई जांच समिति लेकिन कार्रवाई एक भी बार नहीं हुई इकोदिया पंचायत में हुए भारी भृष्टाचार फर्जीबाडा ओर घोटाला को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा समय समय पर आवेदन दिए गए। जहां जिला पंचायत सीईओ ने तीन बार जांच समिति बनाई। पहली जांच समिति पूर्व जिला पंचायत सीईओ डां नेहा जैन ने 17 जनवरी 2025 को बनाई थी दूसरी समिति 28 अक्टूबर 2025 ओर तीसरी जांच समिति 15 दिसम्बर 2025 को जिला पंचायत सीईओ राजैश जैन द्वारा बनाई गई थी,इसके बाद भी इकोदिया पंचायत में सरपंच पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### अग्निवीर भर्ती हेतु छात्र-छात्राओं से संवाद किया



**अशोकनगर।** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अशोकनगर में दिनांक 12 मार्च को आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस भोपाल से एस मेजर जोगिंदर सिंह एवं एनसीओ ध्रुवकुमार विश्वकर्मा ने भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं से अग्निवीर के रूप में सेना अपनी सेवाएं देने प्रेरित किया एवं आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बीके बामोरिया, कपिल रघुवंशी उपस्थित रहे।

# साहू समाज ने कर्मादेवी की जयंती पर शहर में निकाला चल समारोह



**अशोकनगर।** साहू समाज की आराध्य मां कर्मादेवी की जयंती अशोकनगर में भक्ति भाव से मनाई गई। इस मौके पर बडी संख्या में समाज जनों ने भाग लिया। इस मौके पर एक चल समारोह भी निकाला गया।

कार्यकम के बारे में कपिल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन मगरदा चैराहे स्थित बर्फ फेक्ट्री के प्रागंण में आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम में उपस्थित समाज जनों ने बढ़चढ़ कर बोलियों में भाग लिया। उन सभी का समाज जनों द्वारा पुष्पमाल,श्रीफल और साफा भेंट कर सम्मान किया। यह चल समारोह मगरदा चैराहे से होता हुआ अंबेडकर भवन, नगेश्री चैराहे, परशुराम चैराहे होते हुए मोहरी मार्ग से वापिस मगरदा पहुंचा। जहां लोगों ने चल समारोह में श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा की और मां कर्मादेवी की आरती उतारी गई। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल पर एक सभा आयोजित कर सामाजिक एकता पर बल दिया गया और कहा गया कि हम सब मिलकर इस समाज का उत्थान कर सकते हैं कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# कलयुग में कामधेनु के समान है श्रीमद् भागवत कथा





**अशोकनगर।** झिरिया सरकार राधा माधव सेवा समिति के द्वारा चल रही प्रतिवर्ष की भांति चतुर्थ वर्ष की कथा में चतुर्थ दिवस में परम पूज्य व्यास पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री के द्वारा भक्त प्रहलाद की कथा श्रवण कराई गई जिसमें पूज्य महाराज ने भक्त और भगवान के अनूठे रिश्ते को बड़े रोचक ढंग से श्रवण कराया।

भगवान भक्त का मान एवं रक्षा के लिए नरसिंह रूप में प्रकट हुए और भक्त प्रहलाद की रक्षा की गाजगृहा की कथा सुनाते हुए बताया की गजेंद्र अभिमानी था उसने जीवन भर अपने बाल का अपने परिवार का भरोसा किया। लेकिन जब ग्राह ने सरोवर में उसका पैर पकड़ा तब उसका अभिमान चूर-चूर हो गया अपने परिवार से सहायता मांगी लेकिन किसी ने सहायता नहीं की कथा सुनाते हुए महाराज ने भक्तों को बताया। इसी तरह हम सभी भी अपने बल का अपने परिवार का अपने धन का अभिमान करते हैं लेकिन अंत समय में जब न धन न बोल न परिवार काम आता तब हमें परमात्मा की याद आती है। इसी तरह गजेंद्र ने अंत समय भगवान को पुकारा भगवान ने आकर गजेंद्र की रक्षा की। आगे राजा बलि की कथा श्रवण करते हुए बामन चरित्र का सुंदर निरूपण किया एवं रामचरित्र श्रवण करते हुए महाराज ने भगवान कृष्ण के चरित्र का सुंदर-सुंदर वर्णन सुनते हुए भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव सभी भक्तों ने बड़ी धूमधाम से मनाया नृत्य करते हुए सभी श्रद्धालु भाव विभोर हुए व्यास ने कल की कथा के लिए सभी भक्तों को आमंत्रण दिया एवं बताया कि भगवान की सुंदर बाल लीलाएं कल श्रवण कराई जाएगी एवं गिरिराज जी महाराज की पूजन एवं 56 भोगो द्वारा माखन चोरी लीला का भी दर्शन कराया जाएगा।

## जिला कराते चैम्पियनशिप सागर 2026 का आयोजन

# अनुशासन, निरंतर अभ्यास व समर्पण ही उत्कृष्टता की वास्तविक पहचानः शर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

अमेच्योर कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन सागर के तत्वावधान में जिला कराते चैम्पियनशिप सागर 2026 का आयोजन गवर्नमेंट इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ।

इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में सागर जिले के विभिन्न क्षेत्रों, विद्यालयों एवं कराते प्रशिक्षण संस्थानों से आए लगभग 135 खिलाड़ियों ने सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता, अनुशासन, आत्मसंयम एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में काता, कुमिते एवं टीम काता स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिनमें प्रतिभागियों ने उच्च स्तर की तैयारी एवं खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के प्रथम विश्वामित्र अवार्ड से सम्मानित एवं भारतीय कराते टीम के हेड कोच शिहान जयदेव शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुंचाने हेतु आधारशिला का कार्य करती हैं तथा अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं समर्पण ही उत्कृष्टता की वास्तविक पहचान है। विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉली अवस्थी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए खिलाड़ियों को खेल एवं शिक्षा के संतुलित विकास के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता का संचालन रेफरी सेन्सेई ललिता राठौर, सेन्सेई मिहिर मोर्या, सेन्सेई दिलकुश खान, सेन्सेई मोशिना खान, सेन्सेई अनूप मिश्रा एवं सेन्सेई दीपक प्रजापति द्वारा पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं तकनीकी दक्षता के साथ संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने हेतु नियमों एवं विनियमों पर आधारित एक विशेष रेफरी सेमिनार का आयोजन भी शिहान जयदेव शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। जिससे निर्णायक प्रक्रिया में एकरूपता एवं स्पष्टता सुनिश्चित हुई। आयोजन की सफलता में एसोसिएशन के पदाधिकारियों अमेचर कराते डेवेलपमेंट एसोसिएशन सागर के अध्यक्ष पदम सिंह रावत , कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कुर्मी, संयुक्त सचिव अमित यादव एवं मुख्य सचिव संदीप अग्रवाल का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर सागर जिले के मुख्य सचिव संदीप अग्रवाल ने कहा कि यह चैम्पियनशिप न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती है, बल्कि उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक सुदृढ़ पहल है, वहीं अध्यक्ष पदम सिंह रावत ने खिलाड़ियों को अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

जिससे आयोजन का वातावरण सकारात्मक, प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय बना रहा। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया, जो उनके खेल जीवन की प्रगति में एक महत्वपूर्ण चरण सिद्ध होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा कुल 23 स्वर्ण, 20 रजत एवं 14 कांस्य पदक अर्जित किए गए। जो उनके कठोर परिश्रम, तकनीकी उत्कृष्टता एवं समर्पण का प्रमाण है। समापन अवसर पर घोषित ओवर ऑल परिणाम में बीना ने प्रथम स्थान, खुरई ने द्वितीय स्थान एवं सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही शहर के गणमान्य एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गईं, जिससे आयोजन की गरिमा एवं महत्व और अधिक सुदृढ़ हुआ।

# यादव महासभा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक चंदेरी में हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली




अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश प्रदेश कार्यसमिति की बैठक इतेहासिक राजा शिशुपाल की नगरी चंदेरी श्री कृष्णा गार्डन में आयोजित हुई। यादव समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष कोर कमेटी कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उपस्थित हुए सभी सदस्यों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया।

जिसमें यादव महासभा के जिला अध्यक्ष केपी यादव सेमरा द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभी का अभिनंदन किया तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष युवा महासभा राव अजय प्रताप सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज में जागरूकता लाने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं जिससे यादव समाज में मृत्यु भोज खर्चीली सादियो से भी बचना चाहिए जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए जिससे भविष्य में समाज को सशक्त बनाया जाए राष्ट्रीय स्तर प्रदेश स्तर से आए समाज के वरिष्ठ महिला सदस्यों में समाज की प्रदेश अध्यक्ष अनुप्रिया यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंदसौर ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रयास करने को कहा जिसमे महिलाओं को हमेशा सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित हो। मनोज यादव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने महत्पूर्ण विषय पर चर्चा की जिसमे समाज को जागरूक करने के लिए और सामाजिक संगठन को मज़बूत करने की दिशा में कार्य करने के लिये कार्यकारणी को निर्देश दिए आरएन यादव कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष ने भी बैठक को सम्बोधित किया। अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारणी अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह मंडलोई द्वारा आयोजित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में हमने संगठन को मज़बूत बनाने के लिये गाँव गाँव से लेकर ब्लॉक जिला मुख्यालय प्रदेश तक और राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मज़बूत किया। हमने अपने क्षेत्र में समाज के विकास के लिए कार्य किये जिसमे समाज को हमने भोपाल में यादव समाज को एक एकड़ भूमि आवंटित कराई जिसमे तीन मंजिला भवन निर्माण कार्य चल रहा हैं जल्दी ही पूर्ण होकर समाज को समर्पित कर दिया जाएगा। जिसमे समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के पड़ने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिये समाज को समर्पित कर दिया जाएगा। आज समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया हर जगह समाज के लिए कार्य करने के लिये आगे आकर कार्य करने का संकल्प लिया है हमारी संस्था समाज के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए समाज के हर व्यक्ति को मृत्यु भोज से बचना चाहिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए अशोकनगर जिले में यादव समाज के स्व राव देशराज सिंह जी यादव ने समाज में पहल की थी जो आज समाज में साकार रूप ले रही हैं समाज में एकता बनाने के लिये हमेसा अग्रणी रहे श्रीकृष्ण संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव महुअन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन धारण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत में स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया साथ में समाज के श्री कृष्ण संस्थान के अध्यक्ष रणजीत सिंह यादव चंदेरी के ब्लॉक अध्यक्ष जयराम सिंह यादव राम सिंह यादव राजू यादव कनावटा बलवीर सिंह यादव सरपंच ख़ाकलोंन रामभारत सिंह यादव खागल संजय सिंह यादव आदि रहे मौजूद।